केन्द्रीय विद्यालय क्र. –3
वायु सेना स्थल, नाल,
बीकानेर (राज0) – 334001
दूरभाष–0151 -2886752
फेक्स न0–0151-2886752
Website – www.kv3nalbikaner.org

KENDRIYA VIDYALAYA NO. 3
AIR FORCE STATION
NAL, BIKANER
(Raj) – 334001
Ph. 0151-2886752
Fax No.- 0151-2886752
E-Mail - kv3nalbkn@gmail.com

निविदा प्रपत्र

विषय – सेवा संविदा के माध्यम से सुरक्षा कार्य के लिए मानव श्रम उपलब्ध कराने हेतु सेवा प्रदाता फर्म लगाने हेतु बोली आमंत्रण बाबत

श्रीमान् /श्रीमती,

केन्द्रीय विद्यालय संगठन, सोसाइटी रजिस्ट्रेशन एक्ट 1860 के तहत एक रजिस्टर्ड सोसाइटी है जो पूरी तरह केन्द्र सरकार द्वारा वित्तपोषित है। संगठन केन्द्र सरकार के कर्मचारियों, जिनका संपूर्ण भारत में कहीं भी स्थानांतरण हो सकता है, के बच्चों को शिक्षा प्रदान करने के लिए संपूर्ण भारत में स्थापित केन्द्रीय विद्यालयों का नियंत्रण करता है।

1. केन्द्रीय विद्यालय क्रमांक 3 नाल बीकानेर द्वारा विद्यालय में वर्ष 2018-19 के लिए सफाई तथा बागवानी कार्य के लिए पंजीकृत फर्मों से 1 वर्ष के सेवा संविदा के लिए **(दिनांक 01 January 2019 से 31 December 2019 तक)** सुरक्षा कार्य के लिए मानव श्रम उपलब्ध कराने हेतु सीलबंद लिफाफों में प्रतियोगी बोलियाँ आमंत्रित की जाती है। फर्म के कार्य से संतुष्ट होने पर विद्यालय द्वारा फर्म की संविदा 1 और वर्ष के लिए बढाई जा सकती है।
2. आवश्यक मानव श्रम :-

क्रमांक	कार्य का प्रकार	आवश्यक कर्मियों की संख्या	न्यूनतम योग्यताएं और अनुभव
1	सुरक्षा कार्य	03 पुरूष	उत्तम स्वास्थ्य एवं साक्षर

3. सफाई एवं बागवानी कार्य के अन्तर्गत निम्नलिखित कार्य आएंगे-

क्रमांक	कार्य का प्रकार	किये जाने वाले कार्य एवं उत्तरदायित्व
1	सुरक्षा कार्य	विद्यालय भवन एवं कैंपस की 24 x 7 सुरक्षा। सुरक्षा कर्मियों की लापरवाही के कारण विद्यालय को किसी प्रकार की क्षति होने पर एजेंसी का उत्तरदायित्व होगा।

4. उद्धृत कीमत-

(क) बोलीकर्ता द्वारा संलग्नक – अ में दिए गए प्रारूप में ईकाई दरें उद्धृत की जाएंगी। बोली लगाई गई दरों में मासिक पारिश्रमिक, समयोपरि भत्ते की दरें, ई पी एफ, ई एस आई और अन्य सांविधिक भुगतान, व्यावहारिक सेवा शुल्क (फर्म का लाभ, वर्दी की कीमत, टॉर्च, सुपरवाइजर शुल्क, प्रशासनिक खर्चे मिलाते हुए) शामिल करना अनिवार्य है।

(ख) सेवा कर एवं अन्य किसी भी प्रकार के कर जिनका भुगतान ग्राहक (सेवार्थी) द्वारा किया जाना है, उन्हें बोलीकर्ता द्वारा अलग से उद्धृत किया जाएगा।

(ग) समयोपरि भत्ते की प्रति घंटा दरें मासिक पारिश्रमिक से अधिक नहीं होनि चाहिए।

(घ) उद्धृत दरों में संपूर्ण संविदा अवधि के लिए कोई संशोधन स्वीकार्य नहीं होगा (सिवाय सांविधिक प्रावधानों/ बाध्यताओं के)

(ङ) निविदा दरों में किसी प्रकार की ओवरराइटिंग/ करेक्शन फ्लूड नहीं लगा होना चाहिए। यदि कोई त्रुटि हो जाए तो उसे काटकर हस्ताक्षर (दिनांक सहित) करके दुबारा लिखा जाए।

(च) बोलीकर्ता बोली के साथ अग्रिम धन(earnest money) के रूप में रूपये 25000/- का डिमांड ड्राफ्ट/ बैंकर चैक जो “केन्द्रीय विद्यालय नं 3 नाल, बीकानेर” के पक्ष में “बीकानेर” में देय हो, जमा करवाए या बैंक गारण्टी जमा करवाए जो 135 दिनों के लिए वैध हो। अग्रिम धन के रूप में जमा राशि असफल बोलीकर्ताओं को लौटा दी जाएगी।

(छ) बोलीकर्ता द्वारा फार्म वेबसाइट **http://www.kv3nalbikaner.org** से डाउनलोड किया जा सकता है ।

(ज) चयनित फर्म को ठेका मिलने की अधिसूचना जारी होने के 10 दिनों के भीतर 1 वर्ष के लिए कुल उद्धृत राशि का 10% का डिमान्ड ड्राफ्ट निष्पादन अमानत (performance security) के रूप में जमा कराना होगा जो ठेका मिलने की तिथि से 14 महीनों तक वैध रहेगा। चयनित फर्म द्वारा निष्पादन अमानत राशि जमा कराने पर ही अग्रिम धन (earnest money) पुनः लौटाया जाएगा।

(झ) टेलेक्स या प्रतिकृति बोलियाँ स्वीकार्य नहीं होंगी।

5. **<u>एक ही पते की एक से अधिक फर्मों को एक ही फर्म माना जाएगा। एक फर्म एक ही बोली लगा सकती है</u>।**
6. बोली की वैधता बोली बिड जमा कराने की अंतिम तिथि से 90 दिनों तक वैध रहेगी।
7. **नियम एवं शर्तें**

(क) ठेकेदार द्वारा कार्मिकों को प्रत्येक आगामी माह की 5 तारीख से पूर्व इलेक्ट्रोनिक माध्यम से खाते में ही भुगतान करना होगा जिसका स्टेटमेंट बिल के साथ प्रस्तुत करना होगा।

(ख) बिल में दर्शायी गयी पूरी राशि का भुगतान (उद्धृत मासिक पारिश्रमिक बिना किसी कटौती के) खाते में परिलक्षित होना चाहिए।

(ग) फर्म द्वारा बिल के साथ निम्नलिखित दस्तावेजों के अलावा तीन प्रतियों में कार्मिकों को भुगतान का प्रमाण प्रस्तुत करना होगा-

(i) प्रत्येक कार्मिक को खाते में किए गए भुगतान का विवरण

(ii)ईपीएफ, ईएसआई, सेवा कर या अन्य सांविधिक भुगतानों का प्रमाण

(iii) मस्टर रोल एवं वेतन रजिस्टर

(घ) ठेकेदार फर्म, विद्यालय कार्यालय द्वारा सुझाए गए प्रारूप के अनुसार अपने कार्मिकों को पहचान पत्र जारी करेगी जो संविदा अवधि के लिए वैध रहेगा।

(ङ) फर्म द्वारा कार्मिकों को लगाने से पूर्व उनके पूर्ववृत्तों का पुलिस सत्यापन कराना अनिवार्य होगा।

(च) ठेकेदार फर्म सभी सांविधिक बाध्यताओं का पालन करेगी। यदि सांविधिक बाध्यताओं के कारण गणना में मामूली संशोधन होता है तो ग्राहक द्वारा वहन किया जाएगा।

(छ) प्रत्येक गार्ड का ड्यूटी समय 8 घंटे का होगा। गार्डों की ड्यूटी इस प्रकार देनी होगी कि उन्हें साप्ताहिक अवकाश मिले।

(ज) किसी कार्यदिवस की अनुपस्थिति की स्थिति में मासिक पारिश्रमिक निम्न सूत्र के अनुसार नियमित किया जाएगा-

कुल मासिक पारिश्रमिक = मासिक पारिश्रमिक – A_1

जहाँ A_1 = (मासिक पारिश्रमिक/महीनें में कुल दिन) x अनुपस्थिति के दिनों की संख्या

(झ) फर्म द्वारा कार्मिकों को लगाने से पूर्व उनके पूर्ववृत्तों का पुलिस सत्यापन कराना अनिवार्य होगा।

(ञ) ठेकेदार द्वारा लगाए जाने वाले कार्मिकों की विद्यालय द्वारा जांच पडताल कर उपयुक्तता देख परख ही काम पर लगने दिया जाएगा। अतः ठेकेदार द्वारा प्रत्येक श्रमिक हेतु कम से कम 3-4 बायो डेटा उपलब्ध करवाए जाएंगे जिनमें से उचित व्यक्ति का चुनाव विद्यालय द्वारा किया जाएगा। छँटनी प्रक्रिया के दौरान संबंधित व्यक्ति को व्यक्तिगत विमर्श के लिए बुलाया जा सकता है। इस हेतु उन्हें किसी प्रकार का वाहन या अन्य शुल्क का भुगतान नहीं किया जाएगा। यदि कोई भी व्यक्ति उपयुक्त

नहीं पाया जाता है तो ठेकेदार को 24 घंटों के भीतर अतिरिक्त बायो डेटा उपलब्ध कराने होंगे। यदि कोई कार्मिक अनुपस्थित/अनुपयुक्त हो जाता है तो 24 घंटों के भीतर उसका प्रतिस्थापन उपलब्ध कराना होगा।

(ट) ठेकेदार फर्म को विद्यालय के साथ केन्द्रीय विद्यालय के मानक प्रारूप के अनुसार करार करना होगा। जो नियम एवं शर्तें निविदा दस्तावेज में दी गई है, तथा स्वीकृत बोली भी आदर्श करार का हिस्सा होंगी।

(ठ) यदि कार्मिकों द्वारा या उनकी वजह से कोई नुकसान, चोरी, तोडफोड होती है तो विद्यालय को ठेकेदार फर्म से नुकसान की भरपाई करने का या दावा करने का अधिकार रहेगा।

8. <u>सफल बोली का निर्धारण</u>:-

विद्यालय द्वारा पर्याप्त रूप से उत्तरदायी बोलियों (जो सही तरीके से हस्ताक्षरित और नियम एवं शर्तों के अनुसार हो) का मूल्यांकन एवं तुलनात्मक अध्ययन निम्न प्रक्रिया के अनुसार किया जाएगा:-

(अ) निम्न दस्तावेजों के अभाव में बोली को गैर उत्तरदायी माना जाएगा-

- (क) कंपनी का संक्षिप्त प्रोफाईल, और इस प्रकार के और सुरक्षा के कार्य का कम से कम 3 वर्ष का अनुभव का प्रमाण
- (ख) ऑडिटेड बैलेंस शीट और लाभ हानि खाता
- (ग) पिछले 3 वर्षों के दौरान प्राप्त ठेकों की सूची एवं ठेके की कुल राशि
- (घ) पैन नं, GST नंबर और आयकर से कोई बकाया नहीं होने का प्रमाण पत्र
- (ङ) EPF रजिस्ट्रेशन और ESI रजिस्ट्रेशन की सत्यापित प्रति
- (च) GST रजिस्ट्रेशन की सत्यापित प्रति
- (छ) दी राज प्राइवेट सिक्योरिटी एजेन्सी विनिमयन 2005 के अन्तर्गत लाइसेंस प्रमाण पत्र

(आ) बोलीदाता बैंक गारंटी के तौर पर 25000/- रुपये जो बोली जमा कराने के 135 दिनों तक वैध रहेगी या 25000/- रुपये का DD/पे आर्डर/ बैंकर्स चेक जो "केंद्रीय विद्यालय नंबर 3, नाल बीकानेर" के पक्ष में जो "बीकानेर" में देय होगा, बोली के साथ अग्रिम धन के रूप में जमा कराना होगा। असफल बोलीदाताओ को यह राशि लौटा दी जाएगी।

(इ) स्टाफ को केंद्र सरकार / राज्य सरकार द्वारा समय समय पर तय न्यूनतम मजदूरी (पारिश्रमिक) से कम पारिश्रमिक की बोली लगाने पर निविदा निरस्त समझी जाएगी।

(ई) निविदा का मूल्यांकन सभी मदों को मिलाकर समग्र रूप से किया जाएगा और उत्तरदायी बोलियों में से न्यूनतम मूल्यांकित बोलीदाता को ठेका दिया जाएगा।

9. **<u>ठेकेदार फर्म का निर्धारण:</u>**

(a) इस कार्यालय द्वारा उस ठेकेदार फर्म को ठेका दिया जाएगा जो फर्म तकनीकी शर्तों पर खरी उतर रही हो (अर्थात उत्तरदायी फर्म हो) और जिसकी बोली न्यूनतम हो

(b) <u>न्यूनतम बोली वाली एक से अधिक उत्तरदायी फर्म होने की स्थिति में विद्यालय की कार्यकारी समिति द्वारा इनमे से विद्यालय की आवश्यकता के अनुसार विद्यालय हित में उचित फर्म का चयन किया जाएगा जिसे किसी प्रकार के न्यायाधिकरण में चुनौती नहीं दी जा सकती है । उचित फर्म के चुनाव का अधिकार विद्यालय की कार्यकारी समिति के पास सुरक्षित है।</u>

(c) <u>इस कार्यालय द्वारा बिंदु संख्या 2 में बताये गए आवश्यक श्रमिको की संख्या में ठेका देते समय कमी या वृद्धि का अधिकार सुरक्षित है।</u>

(d) इस कार्यालय द्वारा बोली की वैधता समाप्त होने से पूर्व सफल बोलीदाता को सूचित कर दिया जाएगा। स्वीकृत ऑफर की शर्तों को करार में शामिल किया जाएगा।

(e) <u>उपरोक्त बताए गए सभी बिन्दुओं से इत्तर माँगकर्ता (विद्यालय) को ठेके की प्रक्रिया पूर्ण होने से पूर्व किसी भी समय बोलियों को स्वीकार करने/रद्द करने या निविदा प्रक्रिया को निरस्त करने का पूर्ण अधिकार है।</u>

10. <u>**बोलियाँ जमा कराने की अंतिम तिथि एवं समय:-**</u>

विद्यालय में सत्र 2018-19 के लिए सफाई एवं बागवानी के लिए पंजीकृत कोई भी फर्म तकनीकी एवं वित्तीय निविदाएँ अलग अलग सीलबंद लिफाफों में, जिन पर "**सुरक्षा कार्य हेतु तकनीकी / वित्तीय निविदा**" लिखा हो, दिनांक **17 दिसम्बर 2018 दोपहर 2** बजे तक इस विद्यालय कार्यालय में प्राप्त हो जाने चाहिए।

निविदाएँ दिनांक **18 दिसम्बर 2018 को प्रात: 11 बजे प्राचार्य कक्ष में खोली जाएंगी।** बोलीदाता फर्में अपने प्रतिनिधि को निविदाएँ खुलने के समय भेज सकती है।

निविदाएँ केवल निर्धारित प्रारूप में ही स्वीकार की जाएंगी।

प्राचार्य
केन्द्रीय विदयालय क्र 03
वायु सेना नाल बीकानेर

दस्तावेज संलग्न –

1 तकनीकी निविदा
2 वितिय निविदा
3 Pre Contract Integrity Pact

केन्द्रीय विधालय क्र.03, वायु सेना स्थल, नाल बीकानेर (राज)
तकनीकी निविदा (Security Guard)

1.	फर्म/संस्था का नाम	
2.	डायरेक्टर/प्रोपराईटर का नाम	
3.	पूर्ण पता एवं दुरभाष नंबर	
4.	आयकर पैन/रजिस्ट्रेशन नंबर (फोटोप्रति संलग्न करें)	
5.	GST रजिस्ट्रेशन नंबंर (फोटोप्रति संलग्न करें)	
6.	आडिटेड बैलेंस शीट और लाल हानी खाता (फोटोप्रति संलग्न करें)	
7.	लेंबर लाइसेंस प्रमाण पत्र (फोटोप्रति संलग्न करें)	
8.	जनरल प्रोविडेंट फण्ड कार्यालय द्वारा आवंटित प्रोविडेंट फण्ड संख्या (फोटोप्रति संलग्न करें)	
9.	ई.एस.आई. प्रमाण पत्र (फोटोप्रति संलग्न करें)	
10.	दी राज प्राईवेट सिक्योरिटी एजेन्सी विनियमन २००५ के अंतर्गत लाईसेसंधारी प्रमाणपत्र (फोटोप्रति संलग्न करें)	
11.	आयकर देयता प्रमाण पत्र (फोटोप्रति संलग्न करें)	
12.	अनुभव प्रमाण पत्र (फोटोप्रति संलग्न करें) पिछले दो वर्षो में प्राप्त ठेकों की सूची एव ठेके की कुल राशि	
13.	धरोहर राशि का विवरण	KV NO.3 VVN ACCOUNT PAYBLE AT :- BIKANER **RS. 25000** **DD No.** **Date**

मैं/हम प्रमाणित करते है कि मेरी/हमारी जानकारी के अनुसार उक्त दी गई सूचनाए पूर्ण एवं सही है मै/हम जानता/जानते है कि उक्त दिये गये विवरण में कोई भी सूचना या विवरण गलत पाया जाता है तो अनुबंध को निरस्त किया जा सकता है, अमानत राशि जब्त की जा सकती है एवं भविष्य में हमें ब्लैक लिस्टेड किया जा सकता है ।

हस्ताक्षर मय तिथि ....

हस्ताक्षरकर्ता का नाम..

फर्म का नाम..

मोहर..

ANNEXURE - 'A'

KENDRIYA VIDYALYA NO.3 NAL BIKANER <u>FORMAT OF BID</u>

S. No.	Category of Manpower	Number of Manpower	Unit monthly remuneration for 26 days (Per Person)	EPF rate	ESI rate	Service charges including overhead and profit	Monthly Unit rate (Col.4+5+6+7)	Cost of materials given below (Per Month)	Total monthly cost (Col. 8*3+9)
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10
1	Security Service	3							

Cost of Security material to be provided to guards

Name of items	Uniform Allowance Monthly	Torch of high focus, Register for visitors entry, walkie talkie system (Monthly Maintenance Charges)	Total Monthly cost
Rate			

NOTE:

1. If the party fails to provide conservancy and gardening service even on a single day, appropriate action will be taken against the contractor including termination contract/forfeiting of security deposit. In case of discrepancy between unit price and total price, the unit price shall prevail.
2. If any party does not quote service charges (including overhead and profit) quotation will be rejected.
3. Payment to the employees of the firm will be made by the firm by electronic method only. Proof of payment made to the employees shall have to be deposited in the Vidyalaya office before 7th of every month.
4. **<u>Incomplete format of bid (Annexure – A) and bid without pre-contract integrity pact on Non – judicial stamp paper of Rs. 100/- will be rejected</u>**

We agree to provide the above service of manpower and to abide by the terms & conditions contained in the Bid document and also agree to enter into the agreement in the format enclosed. Bid Security of Rs.________________ (Rs.__________________________________) is furnished herewith vide Bank Draft No._________ dated ___________ drawn on ____________.

Signature of Bidder ____________

Principal

Name : ____________________

KV No. 3, Bikaner

Date & Time With Seal___________